पर्व | या अली और या हुसैन के नारों से गूंजतीं रहीं सड़कें

# मुहर्रम की दसवीं तारीख आज, अकीदत के साथ होगा शहादत के पर्व का समापन




**नवभारत,जबलपुर।** मुहर्रम के शहादत पर्व की दसवीं तारीख, यौमे आशूरा (यौमे शहादत), आज अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। तारीख-ए-कर्बला के मुताबिक पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन रदिअल्लाहु अन्हु ने अपने 72 वफादार साथियों के साथ कर्बला के तपते मैदान में तीन दिन की प्यास और कठिन परीक्षाओं का सामना करते हुए दसवीं मुहर्रम को राह-ए-हक में शहादत कुबूल की थी। इमाम हुसैन की यह अजीम कुर्बानी हक की खातिर दी गई सबसे बड़ी मिसाल मानी जाती है। वहीं शहादत की रात शहर की सड़कों पर अकीदत का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रोशनी से नहाई सड़कों पर देर रात तक सवारियां गश्त करती हुई मदार छल्ला पहुंचती रहीं। सिटी कोतवाली के सामने ताजियों को ज्यारत के लिए लाया गया। इस दौरान रातभर 'या अली' और 'या हुसैन' के नारों से सड़कें गूंजती रहीं।

### नगर में निकलेंगे सामूहिक जुलूस

यौमे आशूरा पर जुमा की नमाज अदा करने के बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों से सवारी एवं ताजियों के जुलूस निकाले जाएंगे। मुस्लिम बहुल इलाकों से बड़ी संख्या में लंगर बांटने वाले वाहन भी जुलूस में शामिल होंगे। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हजरत डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी भी लंगर-ए-आम में शिरकत करेंगे ।बहोराबाग, चार खम्बा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज, कोतवाली, कमानिया, बड़ा फुहारा, बलदेवबाग और आगा चौक होते हुए जुलूस रानीताल कर्बला पहुंचेगा, जहां परंपरानुसार सवारी एवं ताजियों को ठंडा किया जाएगा। जुलूस में शामिल लंगर बांटने वाले वाहन आगा चौक से रानीताल मार्ग की ओर आगे बढ़ेंगे।

### सदर और गढ़ा से भी निकलेंगे जुलूस

गढ़ा एवं सदर छावनी क्षेत्र में सवारी और ताजियों का जुलूस शाम 4 बजे निकाला जाएगा। सदर का जुलूस सदर बाजार की गलियों में गश्त करने के बाद रानीताल कर्बला पहुंचेगा, जहां ताजियों और सवारियों को ठंडा किया जाएगा। इसी प्रकार गढ़ा क्षेत्र में भी शाम 4 बजे सवारी एवं ताजियों का जुलूस निकलेगा। यह जुलूस आनंद कुंज, गढ़ा बाजार और त्रिपुरी चौक से होता हुआ सूपाताल कर्बला पहुंचेगा, जहां परंपरानुसार ताजियों और सवारियों को ठंडा किया जाएगा।

मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, पप्पू वसीम खान, याकूब अंसारी, शमीम अंसारी (गुड्डू भाई), शाकिर हुसैन कुरैशी, अशरफ़ राईन सहित अन्य पदाधिकारियों ने यौमे आशूरा के अवसर पर सभी अकीदतमंदों से शालीनता, अनुशासन एवं आपसी भाईचारे के साथ शामिल होने की अपील की है। उन्होंने जुलूस के दौरान अमन-चैन बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है।

### विभिन्न स्थानों पर अफ्तार-ए-आम

यौमे आशूरा के रोजे के अवसर पर शहर के अनेक मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया है। आगा मोहम्मद साहब दरगाह में भी रोजेदारों के लिए अफ्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है। वहीं खानकाह अमीरे मिल्लत, मंडी मदार टेकरी की ओर से भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष 10 मुहर्रम, यौमे आशूरा के अवसर पर अफ्तार-ए-आम का आयोजन किया गया है।

### आगा दरगाह में होगी ज्यारत

दसवीं मुहर्रम यौमे आशूरा के अवसर पर आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में हजरत मौला अली, हजरत इमाम हसन, हजरत इमाम हुसैन आली मुकाम रदिअल्लाहु अन्हु के तबरुकात एवं हजरत अब्बास अलमदार के परचम की ज्यारत कराई जाएगी। दरगाह के मुतवल्ली सैयद लियाकत अली ने अकीदतमंदों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सबाब-ए-दारैन हासिल करने की गुजारिश की है।

### शिया समुदाय का निकलेगा जुलूस

नगर के शिया समुदाय द्वारा प्रात: 7 बजे आमाल-ए-आशूरा अदा किए जाएंगे। इसके बाद गलगला स्थित शिया इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन होगा। मजलिस के उपरांत अलम का जुलूस निकलेगा, जिसमें शिया नौजवान मातम करेंगे। यह जुलूस फूटाताल, खटीक मोहल्ला होते हुए सिटी कोतवाली पहुंचेगा, जहां मौलाना जाफर साहब तकरीर करेंगे। तकरीर के बाद जुलूस बड़ा फुहारा, निवाड़गंज और बलदेवबाग होते हुए रानीताल कर्बला पहुंचेगा, जहां जुलूस का समापन होगा। रात्रि 8 बजे शिया इमामबाड़े में शाम-ए-गरीबा की मजलिस आयोजित की जाएगी।

# एमपीपीजीसीएल ने फोर्टिस हेल्थकेयर को कैशलेस योजना में किया शामिल

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने अपने कार्मिकों, पेंशनर्स और आश्रितों के लिए फोर्टिस हेल्थकेयर को अपनी 'कैशलेस स्वास्थ्य योजना' के नेटवर्क में शामिल किया है। अब पंजीकृत हितग्राही देशभर के 21 फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पतालों में विश्वस्तरीय इलाज पा सकेंगे। इन अस्पतालों में सीजीएचएस दरों पर मात्र 20 प्रतिशत सह-भुगतान के साथ कैशलेस इलाज होगा, जबकि भोपाल फोर्टिस अस्पताल में 100 प्रतिशत कैशलेस सुविधा मिलेगी। नवंबर 2025 में शुरू हुई इस योजना में अब तक 85 प्रतिशत कार्मिक और 60 प्रतिशत पेंशनर्स व आश्रित पंजीकृत हो चुके हैं। फिलहाल नेटवर्क में देशभर के 850 प्रतिष्ठित अस्पताल शामिल हैं और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि कार्मिकों और परिवारों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम आगे भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 21 अस्पतालों में मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधा

इस निर्णय से योजना के पंजीकृत कार्मिक, पेंशनर्स और आश्रित देशभर के 21 फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। इनमें नई दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली, चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, जालंधर और जयपुर शामिल हैं। इन अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती होने पर हितग्राहियों को सीजीएचएस दरों पर केवल 20 प्रतिशत सह-भुगतान के साथ कैशलेस इलाज मिलेगा, जबकि भोपाल स्थित फोर्टिस अस्पताल में पात्र लोगों को 100 प्रतिशत कैशलेस उपचार की सुविधा दी जाएगी।

### लोकप्रिय साबित हुई कैशलेस स्वास्थ्य योजना

यह योजना प्रदेश की सभी पावर कंपनियों में लागू है। पावर जनरेटिंग कंपनी में नवंबर 2025 से शुरू हुई यह योजना बहुत लोकप्रिय हुई है, जिसमें 85 प्रतिशत कार्मिक और 60 प्रतिशत पेंशनर्स व आश्रित जुड़ चुके हैं। वर्तमान में देशभर के 850 प्रतिष्ठित अस्पताल सूचीबद्ध हैं और अन्य को शामिल करने की कार्रवाई जारी है। इस मौके पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि समर्पित कार्मिकों और पेंशनर्स का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है और हम भविष्य में भी ऐसे नए कदम उठाते रहेंगे।

# एमपी ट्रांसको ने लॉन्च किया वेंडर-फ्रेंडली पोर्टल

**नवभारत,जबलपुर ।** डिजिटल इंडिया अभियान में प्रदेश के ऊर्जा विभाग की भागीदारी को और आगे बढ़ाते हुए मध्य प्रदेश शासन के उपक्रम मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसके तहत कंपनी के वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स की पारदर्शिता के लिए अत्याधुनिक वेंडर-फ्रेंडली पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स अपने बिलों की संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन और रियल-टाइम में ट्रैक कर सकेंगे। वर्तमान में कंपनी में टर्न -की कॉन्ट्रैक्ट्स के अंतर्गत कार्यरत वेंडर्स एवं कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए वर्ष 2022 से इंटरनेट आधारित वेंडर्स पोर्टल संचालित है। इस व्यवस्था के तहत कॉन्ट्रैक्ट्स एवं वेंडर्स अपने देयक, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य संबंधित जानकारी ऑनलाइन प्रस्तुत करते हैं तथा उनके बिलों की जांच, स्वीकृति, भुगतान एवं अन्य समस्त प्रक्रियाएं पूर्णत: डिजिटल माध्यम से संपादित की जाती हैं।

**बढ़ेगी पारदर्शिता**-इस डिजिटल व्यवस्था के पूर्ण रूप से लागू होने पर वेंडर्स, कांट्रेक्टर्स एवं अधिकारियों के समय की बचत होगी, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा देयक निपटान प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित एवं प्रभावी बन सकेगी। एम पी ट्रांसको के संयुक्त निदेशक ( देयक एवं कर ) विकास श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि कंपनी ने इस सुविधा का विस्तार करते हुए टर्नकी कॉन्ट्रैक्ट्स के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के कॉन्ट्रैक्ट्स से जुड़े वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स के लिए भी इंटरनेट आधारित वेब पोर्टल प्रारंभ कर रही है । पोर्टल की विशेषता यह रहेगी कि वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स अपने बिलों की प्रोसेसिंग की प्रत्येक अवस्था की जानकारी रियल-टाइम में प्राप्त कर सकेंगे।

## एक नजर में



### आकाश खरे ने संभाला कार्यपालन यंत्री का कार्यभार

**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 में पदस्थ किए गए आकाश खरे ने कार्यपालन यंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। विगत दिनों संभाग क्रमांक 1 के कार्यपाली यंत्री हृदेश आर्य का होशंगाबाद तबादला हो गया था, जिसके बाद यह नई नियुक्ति हुई है। कार्यभार संभालने के बाद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी संघ के सदस्यों ने कार्यालय पहुंचकर उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपसंभाग क्रमांक 1, 2, 3 एवं मार्ग उपसंभाग में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी मनीष ठाकुर, हर्ष दौंदे, शाहू, आशुतोष वर्मा और प्रीति यादव ने कार्यालय में कार्यपालन यंत्री आकाश खरे से भेंट की। इसके साथ ही मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, संभागीय कार्यालय के नितिन सेलेट, अखिलेश वर्मा, संजय मजूमदार, गुलाब कोस्टा, मुक्ता ठोसर, रीता रानी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, अनुराग गुप्ता, वैभव मसीह, कमल सिंह संयम, आशीष नामदेव और जे. डी. वाल्दे ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया।




### रक्तदान शिविर में लोगों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

**नवभारत, जबलपुर।** मानवता की सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से 25 जून को ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी के अवसर पर संगम कॉलोनी जैन भवन में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप महाकोशल विंध्य रीजन के आव्हान पर सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ, विशुद्ध हेल्थ केयर और देवजी नेत्रालय ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी व मेडिकल कॉलेज टीम के साथ मिलकर इस रक्तदान और जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. पवन स्थापक, सीए मनोज जैन, सुनील जैन, राष्ट्रीय मंत्री विनय जैन, प्रदीप जैन और पीयूष जैन के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंगल गान के साथ हुई। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर संयोजक मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित सेठ ने रक्तदान की आवश्यकता और शुगर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया जिससे किडनी, रेटिना और मस्तिष्क पर कुप्रभाव न पड़े। कार्यक्रम में संकेत मलैया, संतोष जैन, सूचित जैन, मेडिकल कालेज से डॉ. भगवान सिंह यादव एवं सुनील गर्ग रेडक्रॉस सोसायटी से उपस्थित रहे।

### अमरनाथ यात्रा के लिए 30 को रवाना होगा विशाल जत्था

**नवभारत, जबलपुर।** धार्मिक आस्था, सेवा एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ब्रह्मलीन महंत अमरपुरी महाराज सेवा मंडल आश्रम भोले कुटी परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संस्था के संरक्षक और यात्रा संयोजक राजकुमार सिंगरहा ने नवभारत को बताया कि यह यात्रा वर्ष 2004 से लगातार आयोजित हो रही है और इस बार संस्था अपनी 21वीं यात्रा पूरी करेगी। इस धार्मिक व आध्यात्मिक यात्रा के तहत लगभग 200 श्रद्धालुओं का विशाल जत्था 30 जून को सुबह 6 बजे प्रस्थान करेगा, जिसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन कराना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर देश और समाज की सुख-समृद्धि, शांति व कल्याण की प्रार्थना करेंगे। यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही पूरी कर ली गई हैं ताकि सभी लोग उत्साह के साथ यात्रा का लाभ ले सकें। इस यात्रा में मुख्य रूप से राजकुमार सिंगरहा, मुकेश सोनी, विनय श्रीवास्तव, सुनील धगत, बृजेश शर्मा, आशीष चौबे, सुमित चौहान, सुनील पटेल, मोहित तिवारी, विनोद मिश्रा, ललित कुमार, यश नामदेव, सुरेंद्र पटेल, चंद्रकला सोनी, श्वेता सोनी, कमला पटेल, नेहा दुबे, परिणीता बेलेकर, मनीषा तिवारी और रीता प्रधान सहित कई श्रद्धालु शामिल होंगे।

# आत्मबल ही सशक्त भारत की नींव : ब्रह्मकुमार कमल भाई




**नवभारत, जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्यालय माउंट आबू से आए प्रतिनिधिमंडल के दो दिवसीय जबलपुर प्रवास का शुभारंभ गुरुवार को शिव उपहार भवन, प्रेमनगर, गुप्तेश्वर में 'स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण की ओर' राष्ट्रीय अभियान के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ब्रह्मकुमार कमल भाई ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के श्रेष्ठ चरित्र, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना में निहित होती है। जब प्रत्येक व्यक्ति सकारात्मक चिंतन, राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक ज्ञान से खुद को मजबूत बनाता है, तभी परिवार में सुख-शांति, समाज में सद्भाव और राष्ट्र में समृद्धि का वातावरण बनता है। उन्होंने बताया कि आज दुनिया को बाहरी संसाधनों से ज्यादा आंतरिक शक्ति और मानवीय मूल्यों की जरूरत है।

### सुरक्षा प्रभाग के कार्य और विशेष कार्यक्रम

ब्रह्मकुमार कमल भाई ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज सुरक्षा सेवा प्रभाग पिछले 30 वर्षों से देश की सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस, रेलवे और अन्य सुरक्षा व प्रशासनिक संस्थानों में तनाव प्रबंधन, मानसिक सशक्तिकरण, राजयोग मेडिटेशन, मूल्यनिष्ठ नेतृत्व तथा आध्यात्मिक जीवनशैली पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। इस अभियान के तहत माउंट आबू से आया प्रतिनिधिमंडल अगले दो दिनों में जबलपुर के विभिन्न रक्षा संस्थानों, पुलिस विभाग, सेना और रेलवे के कार्यालयों में विशेष प्रेरक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें तनावमुक्त जीवन और सकारात्मक सोच पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने किया और अंत में ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आत्म परिवर्तन ही विश्व परिवर्तन का आधार है।

# आगा चौक में आज ताजियों, सवारियों का होगा इस्तकबाल

**नवभारत,जबलपुर।** मोहर्रम की 10वीं तारीख के मौके पर शुक्रवार को रानीताल आगा चौक स्थित मस्जिद के बाजू में मध्यप्रदेश युवा रचनात्मक सद्भावना संगठन एवं जिला शांति समिति के तत्वावधान में ताजियों, अलमों एवं सवारियों के शानदार इस्तकबाल, सबील एवं लंगर का एहतमाम किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद जावेद आशिक राइन, मोहम्मद शेख नसीर भाई, मोहम्मद इम्तियाज (गुड्डू) तथा सर्वधर्म कौमी एकता मंच के संचालक एवं मध्यप्रदेश युवा रचनात्मक सद्भावना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज नामदेव अपने साथियों के साथ दूर-दराज़ से आने वाले अकीदतमंदों, मेहमानों एवं मोहर्रम की ताजियों और सवारियों का खैरमकदम करेंगे। कार्यक्रम में संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, दिनेश यादव, पार्षद संतोष दुबे, अमरीश मिश्रा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू ', विधायक अभिलाष पांडे अंकुर गुप्ता, सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक शरीक होंगे।

गौरतलब है कि यह आयोजन अपने 35वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। आयोजन समिति विगत 35 वर्षों से लगातार मोहर्रम के मौके पर निकलने वाली ताजियों, अलमों एवं सवारियों का इस्तकबाल करते हुए सबील और लंगर का एहतमाम करती आ रही है।



# निर्जला एकादशी पर निकाली गई प्रभात फेरी

**नवभारत, जबलपुर।** ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी पर 25 जून को जगदीश बस्ती में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल के निवास पी एन तिवारी का बाड़ा महादेव मंदिर पड़ाव से प्रात:बेला में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जो क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में संपन्न हुई। यह प्रभात फेरी पड़ाव, सब्जी मंडी, अन्नपूर्णा मंदिर, चरहाई, शंकर घी भण्डार और बड़ी महाकाली से होकर गुजरी। यह प्रभात फेरी 22 जनवरी 2024 अयोध्या में रामलल्ला की प्राण प्रतिष्ठा जब से हुई है तब से प्रत्येक एकादशी को निकाली जाती है। इस अवसर पर मनमोहन दुबे, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, अमित विश्नोई, देवेंद्र नेमा, सुनील कोष्टा, वीरेंद्र नामदेव, ब्रजेश अग्रहरी, नरेश मोढ़ा, मनोज सोनी, नीलेश विश्नोई, सुरेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# आयुष्मान से आवास तक समस्याओं का हुआ समाधान

▶ जनकल्याणकारी शिविर में पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित



**नवभारत,जबलपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दादा बाबू राव परांजपे वार्ड में

जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। चण्डीधाम परिसर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

वार्ड पार्षद मालती चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

इस अवसर पर पार्षद मालती चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी मिल रहा है।

कार्यक्रम में राजेन्द्र रूपवंशी, मनमोहन मेहता, भगवान दास, हीन चौधरी, शिवा चौधरी, अनुप रूपवंशी, मंडल प्रभारी राम रुहेला, संतोष यादव, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया।

संगोष्ठी | आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला,सेनानियों के संघर्ष से बचा संविधान

# सत्ता बचाने के लिए संविधान का गला घोंटा गया : डॉ . सिंह



**नवभारत, जबलपुर।** 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। कांग्रेस ने नेहरू-गांधी परिवार की सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं का दमन किया और पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया था। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान के कारण ही देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना संभव हो सकी। ये उद्गार संविधान हत्या दिवस (आपातकाल दिवस) के अवसर पर गुरुवार को कल्चरल स्ट्रीट स्थित सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने व्यक्त किए।

**सत्ता बचाने के लिए लगाया था आपातकाल**-संगोष्ठी में आपातकाल की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय देश न तो किसी युद्ध की स्थिति में था और न ही कोई ऐसा आंतरिक संकट था, जिसके कारण आपातकाल लगाना आवश्यक हो। इसके बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा चुनाव निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचलने का रास्ता चुना और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया।

**लोकतंत्र की आवाज उठाने वालों को दी गई अमानवीय यातनाएं**-अपने उद्बोधन में डॉ. सिंह ने आपातकाल की भयावहता का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को जेलों में डाल दिया गया। प्रेस की स्वतंत्रता पर सेंसरशिप लगा दी गई और अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली गई। कांग्रेस शासन में लोकतंत्र की आवाज उठाने वालों को ऐसी यातनाएं दी गई, जो अंग्रेजी शासन से भी अधिक पीड़ादायक थीं।

**लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान से बचा संविधान और लोकतंत्र**-डॉ. सिंह ने कहा कि हजारों लोकतंत्र सेनानियों और राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं ने जेलों में अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखा। उनके त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही संविधान तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाया जा सका।

### संस्मरण किए साझा

संगोष्ठी में सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर तथा लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह ने भी संबोधित किया और आपातकाल से जुड़े अपने संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जिला प्रभारी आलोक संजर सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, लोकतंत्र सेनानी एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# श्रद्धांजलि के साथ बलिदान सप्ताह का समापन

**नवभारत, जबलपुर।** त्रिवेणी परिषद द्वारा 18 जून से प्रारंभ किए गए लक्ष्मी दुर्गा बलिदान सप्ताह का समापन वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस बलिदान सप्ताह के अंतर्गत 22 जून को मदन महल किले पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया था। इसके बाद 23 जून को मोहिनी तिवारी के निवास पर डॉ. छाया राय की अध्यक्षता में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर स्वरांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन 24 तारीख को वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि स्थल पर त्रिवेणी परिषद के सभी पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद पूरे कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। अंत में मोहिनी तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।